हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026




# ईद-उल-अजहा पर विशेष सामूहिक नमाज, गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

## ईद-उल-अजहा के मौके पर दी गई बकरों की कुर्बानी, तीन दिन मनाया जाएगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मठपारा स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा के अवसर पर विशेष सामूहिक नमाज अदा की गई। अल्लाह की इबादत में खुशी, त्याग और समर्पण का यह पर्व मुस्लिम समाज द्वारा शहर में अमन, शांति और भाईचारे के पैगाम के साथ मनाया गया।





### मुल्क के हिफाजत की दुआ

ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से एक साथ हाथ उठाकर राजनांदगांव शहर सहित भारत में अमन, सुकून, खुशी, शांति, तरक्की, भाईचारा और मुल्क की सुरक्षा के लिए दुआ मांगी गई। वहीं इस दौरान ईद-उल-अजहा की नमाज के लिए किए गए सहयोग और इंतजाम को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन और पुलिस प्रशासन और देश की अग्रणी उद्योग संस्था आईबी ग्रुप का आभार जताते शुक्रिया अदा किया गया।

### हज के अरकान होते हैं पूरे

जामा मस्जिद कमेटी के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि यह पर्व हजरत इब्राहिम की सुन्नत में विश्वभर में मनाया जाता है। आज विशेष नमाज पढ़ी गई। जिसमें हजारों मुस्लिम भाई शामिल हुए। उन्होंने बताया कि ईद-उल-अजहा के मौके पर हज के सभी अरकान मुकम्मल होती है। ईद-उल-अजहा के मौके पर हुई विशेष नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। वहीं शहर के कब्रिस्तान में पहुंचकर अपने मरहूमों के मगफिरत की दुआ मांगी और उनकी कब्रों पर फूल डालें। वहीं मुस्लिम समाज द्वारा अपने घरों में फातिहा देने के साथ ही कई घरों में कुर्बानी की रस्म अदा की गई।

गुरुवार को ईद-उल-अजहा के मौके पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने ईदगाह पहुंचे। इस मौके पर जामा मस्जिद के पेशी इमाम कासिम रज़ा बरकाती ने ईदगाह में विशेष नमाज पढ़ाई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हजरत इब्राहिम को ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वह अपनी प्यारी चीज कुर्बान करें, इसके बाद उन्होंने अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की तैयारी की और जैसे ही वह अपने बेटे को कुर्बान कर रहे थे, तभी छुरी के नीचे एक दुम्बा (भेड़) आ गया और अल्लाह ने उनके बेटे की जिंदगी बख्श दी, यह उनकी परीक्षा थी। मुस्लिम समाज में इसी कुर्बानी की याद में इस दिन को मनाया जाता है और संपन्न परिवारों में भेड़, बकरों की कुर्बानी दिए जाने का रिवाज है।

## खबर संक्षेप

### मोटर पंप चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** खेत में लगे सिंचाई पंप की चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी बोलेश्वर वर्मा निवासी ग्राम गाडाभंवर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके खेत में सिंचाई हेतु लगाए गए टेक्समो कंपनी के मशरूम मोटर पंप को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर चौकी मोहारा में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से टेक्समो कंपनी का मोटर पंप एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया गया है। आरोपियों को 28 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## माए एंगल




## सीपेज भंडारण के बाद सामने आएंगे सूखत के असल आंकड़े


# एमएमसी में खरीदी का 2 फीसदी और कवर्धा में 80 हजार क्विंटल धान कम!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी थमने के बाद अब उठाव का काम भी लगभग अंतिम दौर में पहुंच गया है। राजनांदगांव सहित कवर्धा, केसीजी और एमएमसी जिले में उठाव के बाद शार्टेज के आंकड़े सामने आने लगे हैं। इन चार जिलों में एमएमसी जिले में सर्वाधिक लगभग दो फीसदी धान का शार्टेज देखने को मिल रहा है। वहीं कवर्धा जिले में 80 हजार क्विंटल धान की कमी सामने आ रही है। ऐसे ही केसीजी जिले में 40 हजार क्विंटल और राजनांदगांव जिले में 57 हजार क्विंटल धान शार्टेज के आंकड़े सामने आए हैं। हालांकि अब समितियों को सीपेज भंडारण का समय दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य जिसे पूरे देश में धान का कटोरा कहा जाता है, वहां समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और उसके बाद कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों द्वारा किए जाने वाले धान उठाव के बीच प्रदेशभर की दर्जनों सहकारी समितियों में धान के भारी शॉर्टेज का एक बहुत ही गंभीर और हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे राज्य के प्रशासनिक महकमे और शासन व्यवस्था की नींद उड़ाकर रख दी है। इस पूरे घटनाक्रम में कवर्धा जिले की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक और भयावह बनी हुई है। वर्तमान में भौतिक सत्यापन के दौरान जो आंकड़े सामने आए हैं, वह सीधे तौर पर समिति प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों और सहकारिता विभाग के संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गहरा संदेह पैदा करते हैं कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में किसानों से खरीदा गया धान अचानक कहां गायब हो गया।

### हजारों क्विंटल सूखत से शासन को लगेगी करोड़ों रुपए की चपत!



### जांच होगी



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन कई सोसाइटियों में जीरो शार्टेज है, लेकिन कई समितियां बड़ी मात्रा में शार्टेज बता रहे हैं। इन समितियों की जांच कराई जा रही है। धान शार्टेज दिखाकर सोसाइटी में मिलने वाले लाभांश से समायोजित नहीं किया जाएगा।

**- भरत वर्मा,** उपाध्यक्ष, जि.स.के. बैंक

### राजनांदगांव जिले में सबसे कम शॉर्टेज!

कवर्धा जिले में इस बार 63.60 लाख क्विंटल की खरीदी की गई थी। इसमें लगभग 1.25 फीसदी यानी 80 हजार क्विंटल का शॉर्टेज देखने को मिल रहा है। ऐसे ही एमएमसी जिले में 20.23 लाख क्विंटल खरीदी हुई। जिसमें 1.97 फीसदी यानी 40 हजार क्विंटल शॉर्टेज देखने को मिल रहा। केसीजी जिले में 37.57 लाख क्विंटल खरीदी में 1.06 फीसदी लगभग 40 हजार क्विंटल का शॉर्टेज अब तक पाया गया है। वहीं राजनांदगांव जिले में 62.54 लाख क्विंटल खरीदी में 0.91 प्रतिशत लगभग 57 हजार क्विंटल का शॉर्टेज अब तक पाया गया है।

### नांदगांव में एक्शन, बाकी में सन्नाटा

धान के शार्टेज मामले में राजनांदगांव जिला प्रशासन ने कार्रवाई के मामले में अब तक दो समितियों के खिलाफ गड़बड़ी को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं लगातार बैठक कर समितियों को धान जमा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जबकि अन्य तीनों ही जिलों में धान शार्टेज को लेकर अब तक कोई बड़ा एक्शन होता नजर नहीं आया है। हालांकि अब शासन के सख्त तेवर के बाद इन जिलों में भी प्रशासन हरकत में आ सकता है।

### इन समितियों में सर्वाधिक शार्टेज

कवर्धा जिले में सर्वाधिक शार्टेज वाली समितियों में पेंड्रीकला 7.41 प्रतिशत, धरमगढ 5.80 प्रतिशत, जुनवानी 5.31 प्रतिशत और सुरजपुरा 4.80 प्रतिशत शामिल हैं। ऐसे ही केसीजी जिले में मात्रा के आधार पर सर्वाधिक शार्टेज जालबांधा उपार्जन केंद्र में दर्ज किया गया है, जहां कुल 2487.88 क्विंटल 2.11 प्रतिशत धान कम पाया गया है। सिंगारघाट समिति 2.37 प्रतिशत, मड़ोदा और सलौनी उपार्जन 2.18 प्रतिशत तथा 1.75 प्रतिशत का शार्टेज सामने आया है। वहीं एमएमसी जिले में सीतागांव उपार्जन केंद्र में सर्वाधिक 6.46 प्रतिशत की दर से 4837.74 क्विंटल धान कम पाया गया है। भर्रीटोला समिति 3.42 प्रतिशत यानि 4631.63 क्विंटल, भोजटोला में 3295.32 क्विंटल 3.56 प्रतिशत और गोटाटोला के मोहभट्टा केंद्र में 4.20 प्रतिशत 1310.07 क्विंटल शार्टेज सामने आया है। राजनांदगांव जिले के घुमका, बम्हनी चारभाठा, मुसराकला, लालूटोला, साल्हेटोला, भैंसातरा जैसी समितियों के नाम शामिल हैं।

## मैदान बना गोशाला

# जगह-जगह गोबर से खिलाड़ी परेशान, गड्ढे से हो रहे चोटिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन तीन साल पहले 32 लाख रुपए की कीमत से संवारे गए म्युनिसिपल स्कूल मैदान की स्थिति हर गुजरते दिन के साथ बिगड़ती जा रही है। हालत यह है कि मैदान अब पूरी तरह से गोशाला में तब्दील हो गया है। आवारा मवेशियों के मैदान में आकर गोबर करने से खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मैदान में जगह-जगह हुए गड्ढे के चलते भी खिलाड़ियों को चोटिल होना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों के सामने आने के बाद भी प्रशासनिक उदासीनता सवाल खड़े कर रही है। जबकि शहर के बीच महज दो ही मैदान होने से इसकी महत्वता बढ़ जाती है। उसके बाद भी प्रशासन के ध्यान नहीं दिए जाने से खिलाड़ियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### पूर्व सांसद ने दिया आश्वासन

एक तरफ जहां प्रशासन इस मैदान को लेकर पूरी तरह से अनजान बना बैठा है। वहीं कुछ महीने पहले स्थानीय खिलाड़ियों से मिले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मैदान की स्थिति सुधारने का आश्वासन दिया था। पूर्व सांसद ने कहा था कि जल्द इस मैदान में जरूरी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। जिसके बाद खिलाड़ियों में भी उत्साह देखने को मिला था। मिली जानकारी के अनुसार खिलाड़ी फिर से पूर्व सांसद से मिलकर मैदान की स्थिति जल्द सुधारने की अपील करने वाले हैं। पूर्व सांसद के सकारात्मक प्रतिक्रिया का ही असर है कि मैदान की स्थिति इतनी बिगड़ने के बाद भी खिलाड़ी संयम बरते हुए हैं।

# अश्लील मैसेज कर महिला को परेशान करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मोबाइल में महिला को अश्लील टेक्स्ट मैसेज करने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल प्राप्त कर अज्ञात नंबर की जानकारी साइबर सेल से ली गई। जांच के दौरान मोबाइल नंबर धारक आरोपी कौशल कुमार पटेल 28 वर्ष निवासी ग्राम डुमरडीह का होना पाया गया।

आरोपी द्वारा महिला के मोबाइल नंबर पर अश्लील टेक्स्ट मैसेज भेजना पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना गातापार में धारा 75(2), 75(3), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी पर कार्रवाई:** विवेचना के दौरान आरोपी कौशल कुमार पटेल से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपी को 27 मई को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जेएमएफसी न्यायालय खैरागढ़ में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# बाइक में छिपाकर गांजा ले जाते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक की सीट पर गांजा छिपाकर अवैध रूप से परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 6.847 किग्रा गांजा बरामद किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 27 मई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति काला-नीला रंग के पल्सर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम बोईरडीह की ओर जा रहे हैं।

### घेराबंदी कर पकड़ा गया

जिन्हें घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम चेतन दास मानिकपुरी, टैलेश चतुर्वेदी बताएं। जिनकी विधिवत तलाशी लेने पर मोटर साइकिल की सीट के नीचे छुपाकर रखे गांजा और थैला में रखे गांजा करीब 6.847 किग्रा कीमती करीब 68470 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### पल्सर वाहन में थे आरोपी

जिस पर ग्राम भाठागांव से बोईरडीह जाने वाले मार्ग में चौकी चिखली पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के आने वाले संभावित रास्ता में वाहन चेकिंग कर रहे थे। ग्राम भाठागांव से ग्राम बोईरडीह चौक जाने वाले रास्ते में कोमल किराना दुकान के पास दो व्यक्ति एक काला-नीला रंग पल्सर में बोईरडीह की ओर आते दिखे।






## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा के जरिये भाजपा पर साधा निशाना

# खाद-डीजल-पेट्रोल उपलब्ध कराने में साय सरकार फेल, घुमका को हमने बनाया, हम ही संवारेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों का प्रचार करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा के जरिये भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के साय सरकार जनता को पेट्रोल-डीजल तक उपलब्ध नहीं करा पा रही। वहीं किसानों को जरूरत के समय खाद तक नहीं मिल पा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा हमने दिया था, इसका विकास भी हम ही करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आगामी एक जून को घुमका नगर पंचायत को लेकर मतदान होना है। इससे पहले कांग्रेस की अध्यक्ष प्रत्याशी और वार्ड पार्षद के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने की अपील करने गुरुवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। घुमका में जनसभा को संबोधित करते उन्होंने कई मामले में प्रदेश और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज के समय में किसान, युवा सहित सभी वर्ग के लोग परेशान हैं।



### सोना खरीदने की स्थिति में नहीं लोग

केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि पीएम लोगों से अपील कर रहे हैं कि सोना ना ख़रीदे। जबकि आज के समय में डन का भाव डेढ़ लाख रुपए पहुंच गया है, जो आम आदमी की पहुंच से दूर है। लोगों को विदेश यात्रा करने से मना करने वाले पीएम ख़ुद विदेश घूमने जा रहे हैं। उनके मंत्री ही पेट्रोल की बर्बादी कर रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### रमाबाई आंबेडकर को किया याद



**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 9 स्थित आई रमा नगर में रमाबाई आंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने कार्यक्रम का आयोजन किया। शुरुवात में महिलाओं ने रमाबाई आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपस्थित जनों ने सामूहिक वंदना की। वक्ताओं ने माता रमाबाई के जीवन, संघर्षों, त्याग और समाज के प्रति योगदान को याद किया।

### रेलवे ने किया वृक्षारोपण



**डोंगरगढ़।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत डोंगरगढ़ सहित अन्य रेलवे परिसरों में पौधारोपण किया गया। इसी क्रम में 27 मई को डॉ. बी.आर. आंबेडकर भवन में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव एवं समाधान को लेकर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### स्थानांतरित कर्मियों को विदाई



**खुज्जी।** जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा में पदस्थ पर्यवेक्षक विजय कुमार नायक एवं सहायक लेखापाल शैलेन्द्र कुमार ठाकुर का स्थानांतरण होने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। बैंक के अधीन आने वाली खुज्जी, खुर्सीपार, किरगी, सोनेसरार, रतनभाट, गिदर्री, संबलपुर, उमरवाही, गोडलवाही, पांगरी सोसायटी के प्रबंधकों एवं कर्मचारियों ने विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह में सभी समिति के अध्यक्ष, सदस्य, प्रबंधक आदि शामिल हुए।

### नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**डोंगरगढ़।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को पुण्यतिथि पर नेहरू महाविद्यालय कॉलेज में जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, विष्णु लोधी, मतीन खान, संजय यादव, जितेंद्र भाटिया, ओम प्रकाश महानदी, रामजी तराने, मयूर हथेल, महविंद्र मेश्राम, किरण मेश्राम, निशा निर्मलकल, दुलीचंद बडोले, प्रशांत कांडे, सुरेंद्र अम्बादे, अखिल भाई, अमरीश टांडिया सहित अन्य शामिल हुए।

### बोरतलाव स्वास्थ्य केंद्र स्थापना की प्रक्रिया तेज



**डोंगरगढ़।** बोरतलाव में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बड़ी पहल सामने आई है। जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का निर्णय शासन ने लिया है। वनांचल के लगभग 100 गांवों के ग्रामीण लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधा की मांग कर रहे थे। इसी मांग को लेकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती मंडावी ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापना प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सरपंच को भूमि उपलब्ध कराने कहा है। स्वास्थ्य केंद्र बनने से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए जिला पंचायत सभापति श्रीमती मंडावी, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं



**डोंगरगढ़।** क्षेत्र में कथित अवैध खनन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि विभिन्न हिस्सों में रात-दिन खनिज संसाधनों का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती, जुर्माना और प्रकरण दर्ज करने जैसी कार्रवाई की जा रही है किन्तु क्षेत्र में कथित अवैध गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग रहा है।

### संतों की रक्षा की मांग

**डोंगरगढ़।** जैन समाज के लोगों ने विहाररत साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रीवा में आर्यिका माताजी की संदिग्ध दुर्घटना की जांच की मांग करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रीय स्तर पर संत सुरक्षा नीति लागू करने और संतों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल बनाने की मांग की गई। जैन समाज ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि गत 20 मई को रीवा में आर्यिका 105 श्रुतमति माताजी, आर्यिका 105 उपशमति माता के साथ सामान्य दुर्घटना नहीं हुई है। उपलब्ध तथ्यों और वीडियो क्लिप से साफ है कि घटना को षडयंत्र पूर्वक अंजाम दिया गया है। जैन समाज ने दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच कर कार्रवाई, संतों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने तथा राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने की मांग की।

# आओ सहेली चुप्पी तोड़े कार्यक्रम से जागी नई उम्मीद

## गांव में माहवारी पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जन कल्याण सामाजिक संस्थान एवं प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वावधान में आओ सहेली चुप्पी तोड़े अभियान अंतर्गत ग्राम बुकमरका, कामखेड़ा, कोराचा एवं चावरगांव में जागरूकता, संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहली बार माहवारी से जुड़ी जागरूकता के साथ पीरियड्स से गुजर रही किशोरी बालिकाओं का सम्मान किया गया।

पहाड़ी क्षेत्र में बसे ग्राम बुकमरका में पहली बार महिला, पुरुष एवं किशोरी बालिकाओं ने साथ मिलकर माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी, शर्म एवं भ्रांतियों को तोड़ते हुए स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### साझा किया परेशानियां

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों ने अपनी समस्याएं साझा करते हुए बताया कि गांव में सेनेटरी पैड की उपलब्धता नहीं होने के कारण वह पुराने कपड़ों का उपयोग करने मजबूर थीं। सेनेटरी पैड खरीदने के लिए 10 से 12 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिससे कई बार असुविधा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए 120 किशोरी बालिकाओं को रीयूजेबल सेनेटरी पैड वितरित किया गया। पहली बार रीयूजेबल पैड प्राप्त कर बालिकाओं के चेहरे पर उत्साह, दिखाई दिया।



### दी गई जानकारी

कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, संक्रमण से बचाव एवं रीयूजेबल पैड के सुरक्षित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि माहवारी कोई शर्म या छुपाने की बात नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके प्रति समाज को संवेदनशील और जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम पटेल, मितानिन दीदी, महिला समूह की सदस्याएं, ग्रामीणजन एवं जन कल्याण सामाजिक संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा किशोरियों को आवश्यक स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

## पहले निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह

# जीत के लिए बढ़ी प्रत्याशियों की सक्रियता, समर्थक भी एक्टिव

## भाजपा-कांग्रेस ने जीत के लिए झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर में पहली बार हो रहे निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी इन दिनों पूरे शबाब पर है। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने किरण एकलव्य वर्मा, कांग्रेस ने फूलमती जय कुमार वर्मा और आम आदमी पार्टी ने अलिशा जोशी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा- कांग्रेस ने शहर के सभी 15 वार्ड तो आम आदमी पार्टी ने 13 वार्डों में ही पार्षद पद के लिए उम्मीदवार खड़े किए हैं। कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशी कुर्सी तक पहुंचने में एड़ी चोटी का प्रयास कर रहे है। सभी मतदाताओं को रिझाने जुटे है। अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती वर्मा नगर विकास के लिए समर्थन मांग रही है तो कांग्रेस ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा भी घोषणा पत्र पर शत प्रतिशत काम करने का वादा कर रही है।

### सीधा मुकाबला

अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी डटे है। लोगो का कहना है कि वास्तविक मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच है। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आगामी एक जून को शहर के मतदाता करेंगे किन्तु जीत का खुलासा आगामी चार जून को मतगणना के बाद होगा।



### महिला मोर्चा ने संभाला मोर्चा

**घुमका।** मतदान की तिथि करीब आने के साथ भाजपा के सभी विंग के पदाधिकारी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय हो गए है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन, जमुनादेवी साहू ने बीते दिनों वार्ड पांच में जाकर अध्यक्ष किरण वर्मा और पार्षद पद के उम्मीदवार के पक्ष में डोर टू डोर संपर्क किया। उन्होंने मतदाताओं को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की जीत के साथ ही नगर पंचायत का तेजी से विकास किया जाएगा जिसका सीधा लाभ मतदाताओं को भी मिलेगा। उन्होंने मतदाताओं से आगामी एक जून को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### अनुज व अभिषेक की जनसभा आज

**घुमका।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा सहित पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए घर-घर संपर्क श्या जा रहा है। वहीं बैठकों के माध्यम से पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए नेता व कार्यकर्ता रणनीति बना रहे है। चुनाव प्रचार को गति देने के लिए कल 29 मई को शाम 5 बजे बाजार चौक में जनसभा का आयोजन किया गया है। सभा में विधायक अनुज शर्मा एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित अन्य भाजपा नेता शामिल होंगे।

# स्वास्थ्य केंद्र, परिक्रमा पथ का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, परिक्रमा पथ तथा बम्लेश्वरी मंदिर के पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया।

- बीएमओ कार्यालय अछोली में शिफ्ट करने के निर्देश
- व्यवस्था दुरुस्थ करने कहा

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री राठौर ने पुराने अस्पताल परिसर में संचालित बीएमओ कार्यालय को अछोली स्थित भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए भवन में बेहतर सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए संभागायुक्त ने मरीजों के लिए कूलर, पंखे, पेयजल एवं ओआरएस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन शिफ्ट करने एवं समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने प्रस्तावित परिक्रमा पथ का निरीक्षण किया। उन्होंने बम्लेश्वरी मंदिर के पार्किंग स्थल का भी जायजा लिया गया। संभागायुक्त ने वाहनों की संख्या को देखते हुए मल्टी पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने कहा। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, एसडीएम एम भार्गव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने की पहल

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, लोगों में व्यापक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ईद उल अजहा के अवसर पर सामाजिक सौहार्द और गौ संरक्षण को लेकर अनोखी पहल देखने मिली। मुस्लिम समाज ने विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने तथा बूचड़खानों को बंद किए जाने की मांग उठाई।

एक ही आवाज के नाम से लगाए गए इन बैनरों में गाय की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा जैसे संदेश लिखे थे। बैनरों के माध्यम से गौ संरक्षण को राष्ट्रहित से जोड़ते हुए लोगों से जागरूकता और संवेदनशीलता की अपील की है। ईद उल अजहा पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज की यह पहल शहर में चर्चा का विषय रही।

बैनरों में यह भी संदेश दिया गया कि गौ सेवा और गौ रक्षा केवल किसी धर्म या समाज का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और मानवता से जुड़ा मुद्दा है। मुस्लिम समाज के इस कदम को लेकर स्थानीय लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली ही है।






### कांग्रेसजन पहुंचे ईदगाह

ईद-उल-अजहा के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज के लोगों को मुबारकबाद दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम भाइयों से मुलाकात कर कहा कि देश की गंगा-जमुनी तहजीब एवं सामाजिक एकता ही भारत की पहचान है। इस अवसर पर धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी, विजयराज सिंह, दिनेश साखरे, ओमप्रकाश महानदी, तरुण फूल, कृष्ण गुप्ता, जय किशोर अंबादे, गजेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# विद्युत ट्रांसफार्मर अन्यत्र लगाने की मांग लंबित



**सड़क अतरिया।** सड़क अतरिया के ग्रामीण विद्युत ट्रांसफार्मर को अन्यत्र लगाने की मांग कर रहें हैं पर ग्रामीणों की मांग अब तक लंबित है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो ट्रांसफार्मर लगे है जिसमें एक ट्रांसफार्मर खेत के बीच में लगा हुआ है।

तेज हवा एवं बारिश से ट्रांसफार्मर में बार बार तकनीकी खराबी आती है किन्तु चारों तरफ पानी से भरे खेत होने से वहां तक पहुंचना आसान नहीं होता। जमीन गीला होने की स्थिति में खतरा बना रहता है। कई बार ऐसी स्थिति आती है कि लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारना पड़ता है। ट्रांसफार्मर में खराब आने पर लाईन मेन भी मौके पर पहुंच कर सुधार करने से कतराते हैं।

### ट्रांसफार्मर हटाना प्रस्तावित

पंचायत प्रतिनिधि सोनम लोमश वैष्णव ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर विभाग को ट्रांसफार्मर हटाने के लिए आवेदन दिया जा चुका है। ट्रांसफार्मर को खेत से हटाकर अन्यत्र लगाना प्रस्तावित है जिसके लिए स्थल चयन किया जा चुका है। बरसात पूर्व ट्रांसफार्मर को हटाने का आश्वासन विभाग ने दिया है। खेत में फसल होने के कारण ट्रांसफार्मर को हटाया नहीं जा सका है। वर्तमान में फसल कट चुकी है। किसानों की उम्मीद है कि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर को नया जगह पर लगा दिया जाएगा।

### शिक्षकों ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान



**जेवरतला रोड।** हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में शाला स्तर पर प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक एवं व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने किया। उन्होने सभी विद्यार्थियों के घर जाकर उनका तथा पालकों का सम्मान किया। शिक्षकों ने कक्षा 12वीं में प्रथम मयंक देवांगन, द्वितीय त्रिलोकचंद, तृतीय रोशनलाल तथा अभिषेक देवांगन, कक्षा दसवीं में प्रथम छवि साहू, द्वितीय भावना सुधाकर तथा तृतीय प्रियल बोरकर को उपहार देकर उत्साह वर्धन किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### खाटू वाले श्याम प्रभु माता मोरवी के पुत्र हैं : शर्मा

**राजनांदगांव।** खाटू श्याम लखदातार सेवा समिति द्वारा पंच दिवसीय श्री श्याम चरित्र कथा के तृतीय दिवस खाटूधाम गायत्री विद्यापीठ प्रांगण में श्री



श्याम चरित्र कथा का रसपान कराते सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पं. अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि मानव जीवन के लिए पावन पुरुषोत्तम मास में श्री श्याम चरित्र कथा श्रवण करने का सर्वोत्कृष्ट लाभ है। आचार्य श्री ने कहा कि जीवन में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी इत्यादि रिश्ते प्रेमजाल में फंसाकर रखते हैं। पं. अर्पित ने कहा कि पावन पुरुषोत्तम मास की रचना भगवान विष्णु ने राक्षसराज हिरण्यकश्यप का वध करने किया था। हिरण कश्यप को वरदान था कि वह 12 महीने के किसी माह में भी ना मारे। अतः एक नए माह का उदय किया गया। पंडित अर्पित शर्मा ने कहा कि पद्म पुराण में ही पांडवों के प्रामाणिक कथा का वर्णन है। जिसके अनुसार खाटू श्याम, जो बर्बरीक के नाम से जन्मे हैं, वह माता मोरवी के पुत्र हैं ना की अहिल्यवती के। प्रचलित श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ पिछले दो-ढाई सौ वर्ष पूर्व लिखा गया है। जिसकी प्रमाणिकता किसी ग्रंथ में नहीं है। कथा कल भी जारी रहेगी।

### उत्तर मंडल अजजा मोर्चा भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा

**राजनांदगांव।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संघठन महामंत्री पवन साय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



सत्यनारायण सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुशंसा से उत्तर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गेमू लाल कुंजाम ने मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस विस्तार का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना तथा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में ऊर्जा एवं समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है।

कार्यकारिणी में आदिवासी समाज के सभी जनजाति को स्थान दिया है। इस कार्यकारिणी में 31 सदस्यों को शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी में संघठन के संचालन के लिए विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें मंडल महामंत्री के रूप में मनीष ध्रुव और कंचन ताराम को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर गौरव मारको, रवि कुंजाम, रामहीन श्वेता, नीतेश मांडवी, शेखर श्याम और मंत्री पद पर बालकृष्ण कोमरे, कुलेशवरी ठाकुर, कार्यालय मंत्री पद पर गिरधारी नेताम, मीडिया प्रभारी संजू कुमार, सह-मीडिया प्रभारी फिलेश कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी डोमेन ठाकुर, प्रचार-प्रसार गोपी मांडवी, आईटी सेल प्रभारी राजकुमार ध्रुव, नारी शक्ति प्रभारी ओमबाई ठाकुर आदि को शामिल किया गया है।

### घुमका के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा संकल्पित

**राजनांदगांव।** घुमका नगर पंचायत चुनाव के लिए आज वार्ड नं. 3, 4, 5 एवं 7 व 8 में भाजपा ने अपना सघन जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया।



नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण वर्मा ने आज वार्डों के जनसंपर्क में प्रत्याशियों के साथ मिलकर मतदाताओं से संपर्क किया। इस दौरान नुक्कड़ सभाएं भी हुई। इस दौरान नगर पंचायत भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य में भारतीय जनता पार्टी की मजबूत सरकार बैठी है, इसलिए नगर पंचायत में भाजपा क़ो वोट देकर मजबूत करने पर इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। परिवहन हेतु सड़कों की कनेक्टिविटी और अधोसंरचना के महत्वपूर्ण कार्य तथा किसानों की सिंचाई के संसाधन, पानी की उपलब्धता, मजदूरों को रोजगार के कार्य भाजपा शासन में ही संभव हो सकते हैं। किरण वर्मा ने कहा कि घुमका के मतदाता मुझे सेवा का जरूर अवसर देंगे। उनकी प्राथमिकता लोगों के कार्यों को आसान बनाने की होगी। वह अपना सर्वस्व घुमका के विकास के लिए समर्पित कर देगी।


### शराब कोचिया से 37 अद्धी, 85 पौवा शराब जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई



की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में 27 मई को प्राप्त सूचना के आधार पर पृथक से टीम गठित कर आरोपी हिना साहू द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते व कब्जे में रखे 37 अद्धी शोले देशी प्लेन शराब, बिक्री रकम 500 रुपए एवं एक तीन पहिया एक्टिवा वाहन को घटनास्थल न्यायालयिक कर्मचारी परिसर पेंड्री के पास से जब्त किया गया। आरोपी आशीष गुप्ता को अवैध रूप से शराब बिक्री करते व कब्जे में रखे पाए जाने पर उसके कब्जे से कुल 85 पौवा देशी प्लेन शराब, बिक्री रकम 300 रुपए को घटनास्थल अटल आवास बाजार चौक पेंड्री के पास से जब्त किया गया। आरोपीयों के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई की गई तथा दोनों आरोपियों हिना साहू एवं आशीष गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## निधन



### भैरवलाल नामदेव

**गंडई पंडरिया।** नामदेव समाज गंडई के वरिष्ठ सदस्य भैरवलाल नामदेव का 82 वर्ष की आयु में 28 मई को रायपुर स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र और नामदेव समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार वह रिखीराम नामदेव के सुपुत्र थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह भरत एवं अमृत नामदेव के भाई और संजय और आशीष नामदेव के पिता थे। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### गंगा सेठ

**राजनांदगांव।** खड़गांव के वरिष्ठ कपड़ा व्यापारी गंगा सेठ कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका इलाज रायपुर में चल रहा था। 28 मई को उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 मई शाम को ग्राम खड़गांव में किया गया। इस दौरान रिश्तेदार, व्यापारीगण एवं ग्रामवासी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

## दाउचौरा ईदगाह परिसर में सामूहिक रूप से अदा की नमाज

# मुल्क की खुशहाली की दुआ के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुस्लिम समाज ने खुदा से बेइंतेहा मोहब्बत, त्याग और कुर्बानी का प्रतीक पाक पर्व ईद-उल अजहा मनाया। सुबह दाऊचौरा ईदगाह परिसर में जामा मस्जिद के पेश इमाम मो फखरुद्दीन रिजवी ने तकरीर की और उसके बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा कराई जिसके बाद पर्व का विशेष खुदबा पढ़ा गया और फिर आखिर में सलाम पढने के बाद मुस्लिम समाज ने देश प्रदेश की तरक्की, अमनो चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।



गौरतलब है कि खुदा से बेइंतहा मोहब्बत, समर्पण और त्याग की भावना के साथ हर साल यह पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि ईश्वर-अल्लाह एक है इस सिद्धांत के प्रथम दूत पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह की इबादत में अपना सब कुछ बलिदान कर देने की भावना व सच्ची निष्ठा के साथ समर्पण का परिचय दिया था जिसकी याद में ही यह पाक त्यौहार हर साल मनाया जाता है।

### क़बिस्तान में पढ़ी फातिहा

विशेष नमाज की रस्म अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूमों के इसाले सवाब के लिए फातिहा भी पढ़ी। ईदगाह परिसर पास नमाज के दौरान व्यवस्था बनाए रखने थाना प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व मे जवान मुस्तैदी से डटे रहे। इस अवसर पर हाफिज मोहिब्बूल हक, हाफिज सराफत हुसैन, पूर्व सदर व नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, सदर अरशद हुसैन, जफर हुसैन खान, खलील कुरैशी, नसीम कादरी, सादिक मेमन, वसीम कादरी, हाजी नासिर मेमन, तनवीर मेमन, ईमरान मेमन, मोहसिन अली, सैय्यद जाहिद अली, मुर्तजा खान, इदरीश खान, शेख लतीफ खान, कय्यूम कुरैशी, सैय्यद लुकमान अली, सगीर कुरैशी, शमशुल होदा खान, मकसूद अहमद, जफरउल्लाह खान, अय्यूब सोलंकी, जुनैद खान, असद उल हक, समीर कुरैशी, रियाजुद्दीन कादरी, सैयद अल्ताफ अली, शौकत अली, कदीर कुरैशी, जाकिर हुसैन, इरफान मेमन, मतीन अशरफ, उबैद खान, जमीर खान, तारिक अमान, सोहेल खान, शादाब खान, जमील मेमन, राजा सोलंकी, नदीम मेमन, ईमरान अशरफी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

### नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी

**सड़क अतरिया।** ग्राम मानपुर नर्मदा में गुरुवार को ईद उल अजहा का पर्व उल्लास से मनाया गया। समाजिक बंधुओं ने गुरुवार की सुबह 8 बजे मस्जिद में बकरी ईद की नमाज अदा किया। तत्पश्चात अपने बुजुर्गों को याद किया गया।बच्चे, बुढ़े एवं जवानों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दिया। इस मौके पर इमाम सलमान रजा, जलील खान, कसमुतदीन, असर मोहम्मद, मस्तान बेग, जुमरत बेग, इलाही खान, मो युनुस, मो अय्युब, मो शकील, अब्दुल कादिर, नसीम बेग, हनीफ खान, मो वाजदुल, वाजिद खान, सईद खान, रज्जाक खान, हसन खान, अकरम खान, मौलाना सुल्तान बेग, मुल्लाखान, खलील खान, प्रचारक जैनुल खान, राजेश देवदास, यशवंत राजपुत, सचिन कुमार अन्य शामिल हुए। इसी प्रकार नर्मदा में भी ईदउलअजहा का पर्व भाई चारे के साथ मनाया गया। जिसमें इक़बाल, इरफान, अलताफ, इमरान, फिरोज, कलीम, गुफरान, मुस्तकीम रज़ा अन्य शामिल हुए।




### नागरिकों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाईयों उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के डेंटल चेयर का सुधार कर लिया गया है तथा नागरिकों की सुविधा हेतु दंत चिकित्सक उपलब्ध है। स्वास्थ्य केन्द्र में कूलर, पंखा, पेयजल, साफ-सफाई, दवाई सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।




Ajay Advt.



Ajay 9827144371


# नौतपा की भीषण गर्मी में व्यापारी संगठन बांट रहे शीतल पेय, कलेक्टर ने सेवा कार्य को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। नाम के अनुरूप संस्कारधानी राजनांदगांव में सेवा और संस्कार के लिए काम करने वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ शहर के व्यापारिक संगठनों द्वारा नौतपा की इस भीषण गर्मी को देखते हुए जगह-जगह स्थाई और चलित प्याऊ घर बनाए गए हैं।

यहां पानी के अलावा राहगीरों को मठा, शरबत, जलजीरा, आमपना का वितरण भी



किया जा रहा है। चैम्बर ऑफ कॉमर्स और अन्य व्यापारी संगठनों द्वारा की जा रही इस सेवा भावना का जायजा लेने के लिए गुरुवार दोपहर कलेक्टर जितेंद्र यादव शहर में भ्रमण के लिए निकले। श्री यादव प्याऊ घर पहुंचकर सेवा कार्य की सराहना करते हुए राहगीरों को शरबत भी वितरण किया। इस दौरान आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

### ग्यारह प्याऊ घर, तीन चलित

चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि विभिन्न व्यापारी संगठनों के सहयोग से शहर में 11 प्याऊ घर संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें ग्रीष्मकाल के दौरान आठ स्थाई और तीन चलित प्याऊ के माध्यम से लोगों को पानी सहित अन्य शीतलपेय पदार्थ निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

### विहिप ने किया आम पना का वितरण

विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को देखने के लिए निकाले कलेक्टर जितेंद्र यादव ने शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौक पहुंचे । यहां विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा आम पना वितरण स्थल पर किए जा रहे सेवा कार्य को कलेक्टर ने सराहा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के अरुण गुप्ता, लाल मुनाई सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### रोज बांट रहे 200 गैलन पानी

हार्डवेयर संगठन के अध्यक्ष राजकुमार बाफना ने बताया कि प्रतिदिन 20 से 25 गैलन पानी की खपत हो रही है। कई बार बाजार आने वाले लोग आसपास पानी की तलाश करते हैं, जिसे देखते हुए भीषण गर्मी में व्यापारी संगठन द्वारा पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर प्याऊ घरों का संचालन किया जा रहा है।

# त्वरित रिस्पांस की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कानून व्यवस्था, विजिबल पुलिसंग एवं अनुशासन को लेकर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कानून व्यवस्था के पूर्वानुमान, त्वरित रिस्पांस एवं प्रभावी पुलिसिंग पर विस्तृत समझाइश दी।

समीक्षा बैठक में केस स्टडी के माध्यम से एसपी अंकिता शर्मा ने थाना प्रभारियों एवं फील्ड ऑफिसर्स को जागरूक किया। कानून व्यवस्था के पूर्वानुमान, त्वरित रिस्पांस एवं प्रभावी पुलिसिंग पर विस्तृत समझाइश दी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त एवं स्पष्ट निर्देश दिए। आगामी पर्व-त्यौहारों, पंचायत चुनाव एवं अन्य संवेदनशील अवसरों को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों



की महत्वपूर्ण कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक ली गई।बैठक के दौरान पूर्व में घटित संवेदनशील प्रकृति की घटनाओं को केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत कर फील्ड ऑफिसर्स एवं थाना प्रभारियों को कानून व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों के पूर्वानुमान, त्वरित निर्णय क्षमता एवं प्रभावी पुलिस रिस्पांस के संबंध में व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया गया। आगामी पंचायत चुनाव, कानून व्यवस्था संबंधी घटनाओं, संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, सोशल मीडिया गतिविधियों एवं संभावित चुनौतियों की गहन समीक्षा कर विस्तृत सुरक्षा रणनीति तैयार की गई।

### रिस्पांस टीम की सराहना

जिले में गठित "लॉ एंड ऑर्डर क्विक रिस्पांस टीम" की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त टीम का गठन लगभग एक माह पूर्व किया गया था, जो पुलिस लाइन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सदैव रेडी स्थिति में तैनात रहती है। किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर टीम द्वारा शहर क्षेत्र में लगभग 10-15 मिनट के भीतर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बेहतर रिस्पांस टाइम एवं तत्परता हेतु रिजर्व इंस्पेक्टर की सराहना की गई।







**अनदेखी : क्रांति डायवर्सन नहर निर्माण में भ्रष्टाचार का आंदेशा**

# निरीक्षण में टूटी नहर, दरारें और घटिया निर्माण उजागर, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

विधानसभा क्षेत्र के किसानों की जीवन रेखा मानी जाने वाली क्रांति डायवर्शन नहर निर्माण में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। जनता की शिकायत पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष घनश्याम साहू ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ नहर का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नहर कई स्थानों पर टूटी हुई, कंक्रीट उखड़ा हुआ तथा बड़ी-बड़ी दरारों से क्षतिग्रस्त मिली।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि लाखों-करोड़ों रुपए की लागत से बनी नहर निर्माण के कुछ समय बाद ही जर्जर हो गई और पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने वाली नहर ही मलबे में तब्दील हो चुकी है, जो सीधे तौर पर किसानों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि कागजों में विकास दिखाने से किसानों की समस्याएं दूर नहीं होंगी। खरीफ फसल का भविष्य इस नहर पर निर्भर है, लेकिन घटिया निर्माण के कारण किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किस ठेकेदार ने यह निर्माण किया और किस इंजीनियर ने गुणवत्ता जांच किए बिना इसे स्वीकृति दे दी। जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।



### किसानों को मुआवजा देने की मांग

कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि नहर निर्माण से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। साथ ही पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पार्टी ने नहर का पुनर्निर्माण शीघ्र शुरू करने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने की भी मांग की है। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए।

### फोटो-वीडियो सबूत सार्वजनिक करने की चेतावनी

घनश्याम साहू ने कहा कि क्रांति जलाशय नहर निर्माण में हुई गड़बड़ियों के पर्याप्त फोटो और वीडियो सबूत उनके पास मौजूद हैं, जिन्हें जल्द सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

# ब्लॉक अध्यक्ष का भी होगा चुनाव
## आज से ऑनलाइन नामांकन शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। कबीरधाम में जिला अध्यक्ष के साथ पहली बार ब्लॉक अध्यक्षों का भी चुनाव कराया जाएगा। संगठन की नई टीम के गठन के लिए 29 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होंगे, जिसमें सदस्यता अभियान और मतदान प्रक्रिया भी डिजिटल तरीके से कराई जाएगी।

युवा कांग्रेस में सदस्य बनने के लिए युवाओं को 75 रुपए शुल्क देना होगा, जबकि चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को 7500 रुपए नामांकन शुल्क जमा करना पड़ेगा। जिला और ब्लॉक स्तर के पदों के लिए 29 मई से 13 जून तक नामांकन भरे जाएंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के लिए 11 से 13 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद 15 से 18 जून तक स्क्रूटनी प्रक्रिया चलेगी। चुनाव में हिस्सा लेने और सदस्य बनने के लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष तय की गई है। आवेदन करने वाले युवाओं को लाइव फोटो, वोटर आईडी और उम्र संबंधी दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके अलावा 8 सेकंड का वीडियो अपलोड करना भी अनिवार्य रहेगा, जिसमें आवेदक को अपनी जानकारी देनी होगी।

प्रदेश में चुनाव संचालन के लिए पांच जोन बनाए जाएंगे। प्रत्येक जोन में नियुक्त अधिकारियों की निगरानी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया में एक व्यक्ति, एक पद का नियम सख्ती से लागू रहेगा।

कोई भी उम्मीदवार केवल एक पद के लिए ही नामांकन दाखिल कर सकेगा। नामांकन दाखिल करते ही वह अपने पुराने पद से स्वतः मुक्त माना जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री जैसे अहम पदों पर अंतिम निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व और इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद होगा।

### जिला कार्यकारिणी होगी बड़ी

घोषित मॉडल के अनुसार जिला युवा कांग्रेस कमेटी में 14 सदस्य होंगे, जबकि जिला महासचिव के लिए 23 पद रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में 21 पद और विधानसभा स्तर पर 33 सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए न्यूनतम 20 वोट जरूरी होंगे। कमेटी में महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक और दिव्यांग वर्ग को भी प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### सियान सदन में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि



**कवर्धा।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सियान सदन में बुधवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सिनियर सिटीजन समिति कवर्धा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी एसएस जैन ने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व, जीवनी और देश निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे, जिन्होंने पंचवर्षीय योजनाओं, औद्योगिक विकास और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के जरिए देश को नई दिशा दी। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के कारण उन्हें चाचा नेहरू के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धांजलि सभा में मदन तंबोली, बीपी सोनी, डॉ एनके यदु, भंवर लाल लुनिया, सुरेंद्र नवीन, पंकज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थें।

# 44 डिग्री में बढ़ते लोड से बिजली व्यवस्था पर संकट
## ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने लगाए गए कूलर

- 44 डिग्री की तपिश में ट्रांसफार्मर को भी चाहिए ठंडी हवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भीषण गर्मी अब सिर्फ लोगों की परेशानी नहीं रही, बल्कि बिजली व्यवस्था के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई है। जिले में 44 से 45 डिग्री तक पहुंचे तापमान और लगातार बढ़ते बिजली लोड ने ट्रांसफार्मरों पर दबाव बढ़ा दिया है। हालात ऐसे हैं कि कवर्धा विद्युत स्टेशन में हैवी पावर ट्रांसफार्मर को ओवरहीटिंग से बचाने उसके सामने दो कूलर लगाकर 24 घंटे चलाए जा रहे हैं, ताकि बिजली सप्लाई बाधित न हो और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

गर्मी बढ़ने के साथ शहर में बिजली खपत भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। जहां पहले 7 से 8 मेगावॉट तक बिजली की मांग रहती थी, वहीं अब यह बढ़कर 13 से 14 मेगावॉट तक पहुंच गई है।

लगातार बढ़ते लोड का असर बिजली उपकरणों पर साफ दिखाई दे रहा है। शहर के कई इलाकों में केबल जलने, शॉर्ट सर्किट और ट्रांसफार्मर में आग लगने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके चलते कई क्षेत्रों में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है और उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं।



### बिजली व्यवस्था बचाने जूझ रहा विभाग

बिजली विभाग के सहायक अभियंता दीपक लसेर ने बताया कि विभाग लगातार बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मशीनें खुले वातावरण में लगी हुई हैं, जहां तेज धूप और अत्यधिक तापमान के कारण उपकरण तेजी से गर्म हो रहे हैं। वहीं बढ़ते लोड के चलते ट्रांसफार्मरों और केबलों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

### मानसून से पहले मेंटेनेंस पर फोकस

गर्मी के कारण डीओ कटने, लो-वोल्टेज और मरम्मत कार्य के दौरान बिजली बंद रखने जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। विभाग मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य को भी तेजी से पूरा करने में लगा है, ताकि बारिश के दौरान किसी बड़ी तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े। हालांकि विभाग लगातार सुधार कार्य कर रहा है, लेकिन भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

# बूंद-बूंद पानी के लिए दूसरे घरों पर आश्रित ग्रामीण

- भीषण गर्मी में बढ़ी परेशानी।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम डोंगरिया खुर्द में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव के ग्रामीण एक-एक बूंद पानी के लिए दूसरे घरों पर आश्रित हैं। भीषण गर्मी के चलते स्थिति इतनी खराब हो गई है कि लोगों को सुबह से ही पानी के लिए लाइन लगानी पड़ रही है। भारी मशक्कत के बाद परिवारों की प्यास बुझ पा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा गांव में एक विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया है, लेकिन लगभग 2000 की आबादी वाले गांव के लिए एकमात्र पानी टंकी पर्याप्त साबित नहीं हो रही है। पूरे गांव में पानी सप्लाई सही ढंग से नहीं हो पाने के कारण कई मोहल्लों में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। मजबूरी में लोग दूसरे घरों में जाकर पानी भर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। 100 से 200 मीटर दूर जाकर छोटे-छोटे बच्चे भी सुबह से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की चिंता हर समय बनी रहती है। दिनभर लोग इसी सोच में रहते हैं कि परिवार के लिए पानी कहां से लाया जाए। वहीं भीषण गर्मी के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द समाधान कि मांग की है। उनका कहना है कि गांव में तत्काल एक और बोर खनन कराया जाए तथा अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहरा सकता है।



### मात्स्यिकी महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्ल्ड हाइपरटेंशन माह के अंतर्गत लोगों को उच्च रक्तचाप हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उच्च रक्तचाप के कारण, लक्षण बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, स्लोगन लेखन, क्विज, रील्स एवं शॉर्ट फिल्म मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच एवं संतुलित जीवनशैली अपनाकर उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर समस्या से बचा जा सकता है। डॉ हर्षित तुवानी द्वारा बताया गया कि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है। क्योंकि इसके प्रारंभिक लक्षण सामान्यतः स्पष्ट दिखाई नहीं देते। फिर भी सिरदर्द, चक्कर आना, थकान, घबराहट, सीने में दर्द सांस लेने में कठिनाई तथा धुंधला दिखाई देना इसके प्रमुख लक्षण हो सकते हैं।

# संतुलित भोजन, पोषण जागरूकता पर विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

- पीजी कॉलेज कवर्धा में स्वस्थ आहार पर व्याख्यान आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वेगन आउटरीच अभियान एवं अडॉप्ट ए कॉलेज कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ आहार विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को संतुलित भोजन, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही जीवन की सफलता का आधार हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित एवं संतुलित भोजन अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ भावना श्रीवास्तव ने अत्यंत सरल एवं प्रभावी शैली में संतुलित आहार के महत्व को समझाया। उन्होंने प्रोटीन, विटामिन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, मिनरल्स एवं जल जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के शरीर में होने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही खान-पान न केवल शारीरिक विकास में सहायक होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाता है। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल शर्मा, डॉ दीप्ति टिकरिहा, मुकेश कुमार कामले, नरेंद्र कुमार कुलमित्र, डॉ सुनीता जाखड़, संतोष डहरिया एवं डॉ जय मेहरा सहित महाविद्यालयीन स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं पोषण संबंधी जागरूकता को समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




### कुपोषण से उत्पन्न समस्या व समाधान पर प्रकाश डाला

व्याख्यान के दौरान डॉ श्रीवास्तव ने कुपोषण से उत्पन्न समस्याओं, उनके दुष्प्रभावों एवं समाधान पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न पोषण योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका, पोषण आहार योजना तथा टीकाकरण कार्यक्रमों की उपयोगिता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रुचिपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रश्न पूछे।

**जनपद पंचायत, कृषि विभाग कार्यालय में कॉपर चोर गिरफ्तार**

# सरकारी दफ्तरों में एसी पाइप चोरी का खुलासा

- मुख्य आरोपी सहित चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा पुलिस ने शासकीय कार्यालयों में हुई एसी कॉपर पाइप चोरी की दो बड़ी घटनाओं का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की कॉपर पाइप भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कवर्धा कार्यालय में लगे चार एसी से कॉपर ट्यूब और अन्य सामग्री चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिससे करीब 32 हजार 900 रुपए का नुकसान हुआ। वहीं उप संचालक कृषि विभाग कार्यालय में लगे तीन एसी के कॉपर पाइप चोरी होने से लगभग 24 हजार रुपए की क्षति हुई थी।

दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने तकनीकी और पारंपरिक जांच के आधार पर संदेहियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पैठूपारा निवासी शंकर राजपूत उर्फ नरसिंग राजपूत (20 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने रात के समय दोनों शासकीय कार्यालयों में घुसकर एसी के कॉपर पाइप और अन्य सामान चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने चोरी की गई कॉपर पाइप स्थानीय कबाड़ी बाबू खान निवासी नवाब मोहल्ला को बेच दी थी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कबाड़ी बाबू खान (52 वर्ष) को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मशरूका बरामद की। मामले में उसके खिलाफ चोरी की संपत्ति खरीदने और छिपाने की धारा भी जोड़ी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं या नहीं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चोरी करने वालों के साथ-साथ चोरी का माल खरीदने वालों पर भी सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

समस्या: किसानों ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

# खेतों में 8 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे एलटी तार, किसानों की जान खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आम उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग की लापरवाही किसानों की जान पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है।

विकासखंड कवर्धा के ग्राम बीरनपुर में खेतों के ऊपर से गुजर रहे एलटी बिजली तार मात्र 8 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं, जिससे किसानों को कृषि कार्य करने के दौरान हर समय हादसे का भय बना हुआ है। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक समस्या के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। ग्रामीण किसानों संतोष चंद्राकर, भागवत चंद्राकर एवं भगत चंद्राकर ने बताया कि उनके खेतों में नलकूप विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए एलटी तार काफी नीचे झूल रहे हैं। खेतों में ट्रैक्टर, थ्रेसर और अन्य कृषि यंत्रों के संचालन के दौरान तारों से टकराने और करंट फैलने का खतरा लगातार बना रहता है।

किसानों ने कहा कि बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि इसी समय खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्य बड़े पैमाने पर किए जाते हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।



## किसान साल भर से लगा रहे हैं गुहार

किसानों ने बताया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान कनिष्ठ अभियंता इंदौरी, सहायक अभियंता पिपरिया तथा कार्यपालन अभियंता कवर्धा को मौखिक एवं लिखित शिकायतें दीं, लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया। किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार खेतों के बीच लगे बिजली पोल लगभग 30 वर्ष पुराने हो चुके हैं और उनका नियमित रखरखाव भी नहीं किया गया है। किसानों ने मांग की है कि झुके हुए तारों के बीच नया पोल लगाकर तारों को ऊंचाई पर कसने का कार्य तत्काल कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी दुर्घटना से बचा जा सके।

## समस्याओं के प्रति विभाग उदासीन

ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक द्वारा जिले की विद्युत व्यवस्था सुधारने की लगातार बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद खराब है। उनका आरोप है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद बिजली व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा, क्योंकि विभागीय अधिकारियों में कार्य के प्रति इच्छाशक्ति का अभाव है।

## लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

किसानों ने बताया कि बिजली विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है। कई वितरण केंद्रों में एक लाइनमैन के भरोसे 48 से अधिक गांवों की जिम्मेदारी है, जिसके कारण मरम्मत कार्य समय पर नहीं हो पाता और छोटी समस्याएं भी लंबे समय तक बनी रहती हैं। बीरनपुर के किसानों ने शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि खेतों में झूल रहे बिजली तारों की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। साथ ही किसानों की जान-माल से जुड़े गंभीर मामलों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# सात किलो गांजा के साथ उड़ीसा का अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



■ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3.57 लाख रुपए का मादक पदार्थ व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में नशे एवं अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए उड़ीसा के एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7.130 किलोग्राम गांजा एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 57 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम, थाना कोतवाली कवर्धा एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुराना बस स्टैंड कवर्धा क्षेत्र में एक व्यक्ति मादक पदार्थ की तस्करी के उद्देश्य से घूम रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लालू माडी पिता देबे माडी उम्र 41 वर्ष निवासी टाण्डापाली थाना मलखानगिरी जिला मलखानगिरी (उड़ीसा) बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद नीले रंग के पिठ्ठू बैग से खाकी टेप से लिपटा पैकेट बरामद हुआ। जांच करने पर पैकेट के भीतर कुल 7.130 किलोग्राम गांजा पाया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 3 लाख 56 हजार 500 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा आरोपी के पास से एक की-पैड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

## पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया मामला

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 00/2026 के तहत धारा 20(बी)(11)(सी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क और सप्लाई चेन की जानकारी जुटाई जा रही है।

## नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान रहेगा जारी

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले तस्करों के लिए जिले में कोई जगह नहीं है और ऐसे अपराधियों को कानून के दायरे में लाकर न्यायालय तक पहुंचाना पुलिस की प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### तीन सीएलएफ का किया गया निरीक्षण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का केंद्र एवं राज्य शासन की संयुक्त टीम द्वारा अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में केंद्र एवं राज्य के दल ने जिले के इंद्रावती संकुल स्तरीय संगठन - कुकदूर, सवेरा संकुल स्तरीय संगठन -बैजलपुर एवं भोरमदेव संकुल स्तरीय संगठन राजानवागांव का भ्रमण किया। इस दौरान ब्रॉक इंटरनेशनल ट्रिकल अप एवं इमागो के प्रतिनिधियों ने परियोजना की प्रगति एवं समुदाय स्तर पर हो रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने सीएलएफ पदाधिकारियों, ग्राम संगठन सहित अन्य से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। गांव में योजना से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर अत्यंत गरीब एवं कमजोर परिवारों की पहचान, चयन प्रक्रिया, ग्राम संगठन एवं सीएलएफ की भूमिका तथा परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बात की। मिशन दल ने कोच दीदियों के साथ संवाद कर उनके कार्यों, घरों का नियमित भ्रमण, परिवारों को दिए जा रहे मार्गदर्शन,सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के कार्य तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों कि सराहना की।

### पुनर्गणना का परिणाम किया गया घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि के पुनर्गणना परिणाम जारी किया है। सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 परीक्षा परिणाम घोषणा उपरांत परीक्षार्थियों द्वारा पुनर्गणना आवेदन के आधार पर परीक्षाफल घोषित किए गए है। इसमें एलएलबी तृतीय सेमेस्टर, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, एमएससी (रसायनशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर शामिल है।

# जिपं क्षेत्र क्रमांक 1 में अभूतपूर्व विकास कार्य: दीपा धुर्वे

■ एक वर्ष में 1.09 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान



जन जाति बाहुल्य जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 की तेज तर्रार जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे के प्रयासों से महज एक वर्ष में 1,09,50,856 रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इससे क्षेत्र की सड़कों, पेयजल, शिक्षा और जल संरक्षण को लेकर अंचलवासियों को काफी राहत मिली है।

गत दिनों हरिभूमि संवाददाता के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब में श्रीमती धुर्वे ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का लेखा जोखा देते हुए बताया कि उनके द्वारा क्षेत्र की जरूरतों और ग्रामीणों की मांग के आधार पर अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए बड़े पैमाने पर सीसी रोड निर्माण को मंजूरी दिलाई गई है।

जिनमें ग्रापं कामठी आश्रित ग्राम कड़मा ग्रापं पोलमी के भेंड़ागढ़ एवं लोखान तथा ग्रापं डालामउहा के चियांडांड (प्रत्येक पंचायत में 5,20,000 रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत मुनमुना में 7,80,000 रूपए तथा ग्राम पंचायत विचारपुर आश्रित ग्राम टकटोईया में 2,60,000 रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की मंजूरी मिली। साथ ही गांव की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्राम पंचायत महिडबरा में 8,82,386 रूपए की लागत से पक्की नाली निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

इसके तहत ग्राम चियांडाड़ के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शुद्ध पेयजल और प्रकाश व्यवस्था के लिए प्रति विद्यालय 1,76,477 रूपए की लागत से आरओ मशीन एवं एलईडी लाइट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही ग्रामीणों के लिए 2,24,000 रूपए की लागत का पानी टैंकर भी स्वीकृत किया गया है। श्रीमती धुर्वे के अनुसार जल संकट से निपटने और जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए ग्रापं कामठी में 18,17,159 रूपए तथा ग्रापं बदना आश्रित ग्राम घोघरा खुर्द में 16,50,200 रूपए की भारी-भरकम लागत से चेकडैम निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसी तरह पेयजल संकट के समाधान में ग्रापं छींदीडीह के आश्रित ग्राम सारपानी, भेंड़ागढ़, परसेलखार, मुनमुना भरींखार, कुल्लूपानी बदौरा, माठपुर, कोदवागोड़ान एवं कामठी सहित कई गांवों में नए बोर खनन एवं हेडपंप स्थापना कार्यों को हरी झंडी दी गई है। इसके अलावा ग्रापं मंझोली रवन में अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों की सुविधा के लिए जहां 3,25,863 की लागत से मुक्ति धाम शेड का निर्माण कराया जा रहा है वहीं ग्राम पंचायत खाम्ही में पंचायत भवन के रख-रखाव और बेहतर कार्य संचालन के लिए 3,52,954 रूपए की लागत से फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र की जनता ने मुझ पर भरोसा जताते हुए मेरे कंधो पर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगी। क्षेत्र की जनता का प्यार और आशीर्वाद मुझे मिल रहा है जो मेरी असली पूंजी है।

# ग्राम पंचायत मानिकचौरी में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड कवर्धा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानिकचौरी में इन दिनो पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच यहां के ग्रामीण पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हर घर जल और विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाला जिला प्रशासन और क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर संकट पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय ग्रामीणों की माने ग्राम पंचायत मानिकचौरी में वर्तमान स्थिति यह है कि अधिकांश हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या पूरी तरह दम तोड़ चुके हैं। पेयजल की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण महिलाओं को इस चिलचिलाती धूप में दूरदराज के निजी नलकूपों या खेतों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थिति इतनी बत्तर है कि पानी के जुगाड़ में ही उनका पूरा दिन बीत रहा है, जिससे उनका दैनिक रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

# जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र पहुंचा हिरण, आवारा कुत्तों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी और जंगल में गहराते जल संकट के कारण वन्यजीव गांवों की ओर रुख करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में रेंगाखार वन क्षेत्र में प्यास से बेहाल एक हिरण भटककर तितरी गांव पहुंच गया।

बताया जाता है कि आबादी क्षेत्र में पहुंचे हिरण पर कुछ आवारा कुत्तों की नजर पड़ गई और कुत्ते उसे अपना शिकार बनाने भिड़ गए। बताया जाता है कि इस बीच कुत्तों से जान बचाने के लिए हिरण खेतों की ओर भागा, लेकिन वहां लोहे के कंटीले तारों में उलझकर घायल हो गया। इसे गनीमत ही कहें की ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और घायल हिरण को तारों से मुक्त कराया। बाद में इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम हिरण को अपने कब्जे में लेकर इलाज कर रही है।



## जिले के जंगलों में गहराया पानी का संकट

भीषण गर्मी के बीच रेंगाखार जंगल क्षेत्र में जल संकट गंभीर होता जा रहा है। वन विभाग द्वारा बनाए गए 8 तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। कृत्रिम डबरी या वैकल्पिक जल व्यवस्था नहीं होने से वन्यजीव पानी के लिए भटक रहे हैं। क्षेत्र की नदियों और प्राकृतिक धाराओं का पानी भी खत्म हो चुका है। जिससे वन्यप्राणियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि वन विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान करे।

# धरमगढ़ धान उपार्जन केन्द्र में 37 लाख की धान खरीदी घोटाले का जांच में बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में धान खरीदी व्यवस्था की सघन जांच के दौरान धरमगढ़ सेवा सहकारी समिति में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है। खाद्य विभाग की प्रारंभिक जांच में करीब 1200 क्विंटल धान की कागजी खरीदी पाए जाने का मामला सामने आया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 37 लाख रुपए बताई जा रही है।

जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण में भारी अंतर मिलने के बाद प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए समिति प्रबंधक और ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिलेभर के उपार्जन केंद्रों में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। खाद्य विभाग की टीम ने धरमगढ़ सेवा सहकारी समिति पहुंचकर समिति प्रबंधक ललित सेंगर एवं ऑपरेटर राजकुमार ठाकुर की मौजूदगी में धान के भंडारण और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान कई बोरे निर्धारित मानक से कम वजन के पाए गए। एक बोरे का वजन मात्र 24.800 किलोग्राम दर्ज किया गया, जिससे धान तौल और भंडारण प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने दस्तावेजों और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया तो बड़ी मात्रा में अंतर सामने आया। जांच दल ने मौके पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दिया है। मामले में समिति प्रबंधक ललित सेंगर तथा ऑपरेटर राजकुमार ठाकुर के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## समिति प्रबंधक-ऑपरेटर पर होगी एफआईआर



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन की समर्थन मूल्य खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी उपार्जन केन्द्रो में लगातार जांच जारी रहेगी तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में खाद्य अधिकारी चन्द्रशेखर देवांगन, सहायक खाद्य अधिकारी दलेश्वर साहू, खाद्य निरीक्षक अमित द्विवेदी, अनामिका ठाकुर, निधि वर्मा, सहकारिता निरीक्षक प्रवेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

लोगों ने गले लगाकर एक दूसरे को दी ईद-उल-जुहा की बधाई

# ईद-उल-जुहा पर मांगी गई अमनो सुकून की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में ईद-उल-जुहा बकरीद धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित ईदगाह में अलग- अलग दो वक्तों में ईद की नमाज अदा की।

पहली नमाज सुबह 7.30 बजे हाफिज मुफ्ती मारुफ रजा पेशईमाम जामा मस्जिद तथा दूसरी नमाज सुबह 9.00 बजे हाफिज मकबूल रजा की ईमामत में अदा की गई। हाफिज मुफ्ती मारुफ रजा ने अपने मुल्के वतन हिन्दुस्तान, सूबए छत्तीसगढ़ सहित शहरे कवर्धा में अमनो सुकून व आपसी भाईचारा की दुआ मांगी। ईद-उल-जुहा बकरीद के मौके पर शहर व आसपास के सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदाकर आपस में एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की।



इस संबंध में मुस्लिम समाज के हाजी सलीम हिंगोरा ने बताया कि ईद-उल-जुहा ईब्राहीम अलैह एवं हजरत ईस्माईल अलैह की याद में मनाया जाता है। हजरत ईब्राहीम अलैह को खुदा की जानिब से ख्वाब आया कि तुम हमारी राह में कुर्बानी पेश करो तो हजरत ईब्राहीम अलैह ने सौ ऊंटो की कुर्बानी पेश की फिर अगली रात में ख्वाब आता है तुम अपने सबसे अजीज चीज हमारी राह में कुर्बान करो तो हजरत ईब्राहिम फौरन समझ जाते हैं कि मेरा सबसे अजीज ईकलौता फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल अलैह जो उन्हे बहुत मिन्नतों मुराद से बुढ़ापे में पैदा हुआ था उन्होंने फौरन अपने पुत्र फरंजद को ख्वाब की दास्तां बताई तो उनके परजंद हजरद ईस्माईल अलैह ने कहा बाबा जान ये खुदा का हुक्म है आप फौरन अमल किजिए मुझे साबिर सब्र करने वाला पायेंगे। तब हजरत ईब्राहिम अलैह अपने फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल को मीना के कुर्बानगाह लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने हजरत ईस्माईल को लिटाकर उनके हलक में छुरी चलानी चाही परन्तु छुरी नहीं चली।

खुदा की जानिब से फरिस्ते को हुक्म दिया गया कि जन्नती दुम्बा बकरे की शक्ल का हाजिर करें और हजरत ईब्राहीम के बदले दुम्बा कुर्बान हो जाता है। खुदा को हजरत ईब्राहिम व हजरत ईस्माईल की ये अदा बेहद पसंद आ जाती है तब से हर साल (साहिबे निसाब) मालदार मुसलमानो पर बकरे की कुर्बानी करना वाजिब हो जाता है।

## नगर में सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

ईद-उल-जुहा के मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा कवर्धा सहित जिले के दूसरे संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। जिसके चलते पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है और पर्व शांति, सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाया गया।

# अभियान के तहत दीवार लेखन कर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश भर में चल रहे तारुण्यवार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान के दौरान बीएसजी कवर्धा की टीम गांव-गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए दीवाल लेखन का कार्य कर रही है।

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के लिए सभी जागरूक रहे हमेशा अपने एवं परिवारजनों के लिए सजग रहे साथ स्वच्छता/स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें । इसके लिए रोवर/रेंजर कवर्धा ने दीवाल में विभिन्न स्लोगन लिखकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है। माना जा रहा है कि इस विषय को लेकर कई बार लोग झिझकते हैं जिससे यह उपाय बेहद कारगर साबित हो रहा है।




विभिन्न स्लोगन और वाल पेंटिंग के माध्यम से लोगों की सीधे नजर पड़ती है और उसके बारे में जानने अथवा सही जानकारी रखने की भाव जागृत होता है।

इस जागरूकता अभियान को ऐसे ही विभिन्न माध्यमो के साथ लोग तक पहुंचने का अवसर बना रहे हैं, ताकि इस विषय पर लोग खुलकर चर्चा कर सकें एवं स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण हो।

दीवाल लेखन कार्य में बड़ी संख्या में बीएसजी कवर्धा के स्काउटर/गाईडर, रोवर/रेंजर्स, स्काउट/गाइड उपस्थित होकर एवं अपनी सेवाएं प्रदान की।